आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 01.10.2026 समय : 1905

<><><><><><><><>

- यू पी एस सी की 100 साल की यात्रा का प्रधानमंत्री मोदी ने कहा आज भी संस्था पर देश का भरोसा कायम है ।
- बड़ी त्रासदी को टालने वाले भारतीय कैप्टन स्मित मच्छार के अद्भुत साहस की देश के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री समेत कई नेताओं ने की सराहना कीं।
- बहत्तरवें वन्यजीव सप्ताह के तहत आयोजित होने वाली मिनी मैराथन के सुचारु और सुरक्षित संचालन के लिए कल कुछ मार्गों पर वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी।
- डिगलीपुर में टीबी मुक्त भारत जागरूकता रैली आयोजित, एनसीसी कैडेटों ने क्षय रोग की रोकथाम और उपचार के प्रति लोगों को किया जागरूक।

<><><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि देश 'रिफॉर्म एक्सप्रेस' पर तेज़ी से आगे बढ़ रहा है और परीक्षा आयोजित करने वाली संस्थाओं को भी ऐसे सुधारों पर काम करना चाहिए जिनकी देश को ज़रूरत है। आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में संघ लोक सेवा आयोग के शताब्दी समारोह को संबोधित करते हुए, श्री मोदी ने कहा कि परीक्षा को सिर्फ़ एक आयोजन नहीं माना जाना चाहिए क्योंकि यह युवाओं के भविष्य से जुड़ी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यूपीएससी की 100 साल की यात्रा में पीढ़ियां, सरकारें, तकनीक और सिलेबस बदले हैं, लेकिन इस संस्था पर भरोसा पहले जैसा ही अटूट बना हुआ है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज 21वीं सदी का भारत एक नई कार्य–संस्कृति के साथ आगे बढ़ रहा है और इसका मूल सिद्धांत है – जन–हितैषी, सक्रिय और सुशासन। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार का मंत्र 'नागरिक देवो भव है। उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत' के लिए देश को जिस तरह के प्रशासन की ज़रूरत है, उसे यूपीएससी और राज्य लोक सेवा आयोग जैसे संस्थान काफी हद तक संभव बनाएंगे।

<><><><><><><><>

फ्लाई दुबई विमान घटना में असाधारण साहस और सूझबूझ दिखाने वाले भारतीय कैप्टन स्मित मच्छार की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई नेताओं ने सराहना की है। राष्ट्रपति ने कहा कि गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद कैप्टन स्मित ने अपनी बहादुरी और त्वरित कार्रवाई से बड़ी त्रासदी को टालते हुए कई लोगों की जान बचाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कैप्टन स्मित की पत्नी और माता–पिता से बात कर उनकी बहादुरी की सराहना की और हरसंभव सहायता का भरोसा दिया। नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने भी उनके साहस, कौशल और यात्रियों की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता की प्रशंसा की। विदेश मंत्रालय के अनुसार कैप्टन स्मित का सऊदी अरब के तबुक स्थित अस्पताल में इलाज चल रहा है और उनकी हालत स्थिर है।

<><><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष टी एस जी भास्कर के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने उपराज्यपाल डॉ.दिनेश शर्मा से मुलाकात कर द्वीपवासियों की समस्याओं को लेकर दो ज्ञापन सौंपे। ज्ञापन में सरकारी नौकरियों में द्वीपवासियों के लिए शत प्रतिशत आरक्षण, राष्ट्रीय राजमार्ग–4 व मिडिल स्ट्रेट क्रीक पुल का जल्दनिर्माण, केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना, अतिक्रमित भूमि के नियमितीकरण, नियमित अंतरद्वीपीय जहाज सेवा और बिजली–पानी की दरें कम करने और स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर भी मांगे रखी गई। उपराज्यपाल ने प्रतिनिधिमंडल की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

<><><><><><><><>

सरकारी कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष पी. कन्नन के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने उपराज्यपाल से मुलाकात कर द्वीपवासियों से जुड़ी विभिन्न मांगें रखीं। इनमें स्वास्थ्य सेवा, हवाई किराया, सरकारी आवासों का रखरखाव, रोजगार आरक्षण, बिजली आपूर्ति जैसे मुद्दे शामिल हैं। उपराज्यपाल ने सभी मुद्दों पर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने अंतरद्वीपीय उड़ान और हेलीकॉप्टर सेवाओं के विस्तार तथा बिजली उत्पादन बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की भी जानकारी दी।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान के जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार बहत्तरवें वन्यजीव सप्ताह के तहत आयोजित होने वाली मिनी मैराथन के सुचारु और सुरक्षित संचालन के लिए कल सुबह साढ़े पांच बजे से साढ़े आठ बजे तक कुछ मार्गों पर वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। इस दौरान सेलुलर जेल, गर्ल्स स्कूल, फ्लैग प्वाइंट से सिंक्लेयर्स बे व्यू, मजार, साइंस सेंटर, हॉर्नबिल नेस्ट होते हुए कॉर्बिन्स कोव तक का मार्ग वाहनों के लिए प्रतिबंधित रहेगा। जिला प्रशासन ने आम लोगों से यातायात पुलिस के निर्देशों के अनुसार वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने और व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की है।

<><><><><><><>

आकाशवाणी श्री विजयपुरम में हिन्दी पखवाड़ा के हिस्से के रूप में आज क्विज़ और अंताक्षरी प्रतियोगिता का अयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अधिकारी एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आज की प्रतियोगिता की निर्णायक अन्नया ने अपने विचार रखे। उन्होंने कार्यक्रम को काफी मनोरंजक बताते हुए प्रतिभागियों के उत्साह और प्रस्तुतियों की सराहना की।

<><><><><><><>

डिगलीपुर में सहायक आयुक्त के नेतृत्व में टीबी मुक्त भारत जागरूकता रैली आयोजित की गई, जिसमें पांच एन सी सी कैडेटों ने हिस्सा लिया। रैली का उद्देश्य लोगों को क्षय रोग की रोकथाम, उपचार और दवाओं का निर्धारित कोर्स पूरा करने के प्रति जागरूक करना था। रैली में एनसीसी कैडेटों के साथ माई भारत स्वयंसेवकों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डिगलीपुर के चिकित्सा कर्मचारियों और प्रशासनिक भवन के कर्मचारियों ने भी भाग लिया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष टीएसजी भास्कर ने अक्टूबर में दुर्गा पूजा के दौरान डिगलीपुर के लिए विशेष जहाज सेवा शुरू करने और मौजूदा सेवाओं की संख्या बढ़ाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान श्री विजयपुरम और डिगलीपुर के बीच बड़ी संख्या में लोग आवागमन करते हैं, जिससे परिवहन सेवाओं पर दबाव बढ़ सकता है। उन्होंने यात्रियों की सुविधा के लिए अक्टूबर माह में डिगलीपुर के लिए बड़े यात्री जहाजों की सेवा का अनुरोध किया है।

<><><><><><><>

भारतीय मानवविज्ञान सर्वेक्षण, श्री विजयपुरम का क्षेत्रीय मानव संग्रहालय गांधी जयंती के अवसर पर आमजन के लिए संग्रहालय में प्रवेश और अन्य गतिविधियां कल बंद रहेगा।

<><><><><><><>